राघव राज भट्ट और मंगला भट्ट

अकादेमी पुरस्कार: कथक

RAGHAV RAJ BHATT & MANGALA BHATT

Akademi Award: Kathak

श्री राघव राज भट्ट का जन्म 10 अगस्त 1964 को हैदराबाद, तेलंगाना में और श्रीमती मंगला भट्ट का जन्म 14 अप्रैल 1963 को कोल्हापुर, महाराष्ट्र में हुआ था। श्री राघव राज भट्ट ने गोपाल राव के अधीन कथक नृत्य का प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्राप्त कियाय बाद में बिरजू महाराज के शिष्य हुए और उन्हीं के मार्गदर्शन में कथक नृत्य का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने कथक केन्द्र, नई दिल्ली से डिप्लोमा किया है। श्रीमती मंगला भट्ट ने कथक नृत्य का प्रारम्भिक प्रशिक्षण भालचंद्र कुलकर्णी के मार्गदर्शन में प्राप्त किया; बाद में कुंदनलाल गंगानी और दुर्गा लाल जैसे गुरुओं के सानिध्य में अपनी कला को निखारा। आपने कथक केन्द्र, नई दिल्ली में भी अध्ययन किया है। श्री राघव राज भट्ट ने लोक और आदिवासी कलाओं के साथ ही गायन संगीत में भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्री राघव राज भट्ट और श्रीमती मंगला भट्ट ने संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित नृत्य उत्सवों सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कई प्रतिष्ठित नृत्य समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने विभिन्न देशों की यात्राएँ की है और तत्कालीन यूएसएसआर में आयोजित भारत उत्सव तथा मेक्सिको में आयोजित सर्वेंटिनो फेस्टिवल समेत कई नृत्योत्सवों में भाग लिया है।

आपको आंध्र प्रदेश सरकार के राज्य पुरस्कार (2006), तेलंगाना सरकार के राज्य पुरस्कार (2017) और गुरु देब प्रसाद पुरस्कार (2018) सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

श्री राघव राज भट्ट और श्रीमती मंगला भट्ट को कथक नृत्य में योगदान के लिए वर्ष 2019 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Raghav Raj Bhatt was born on 10 August 1964 in Hyderabad, Telangana and Shrimati Mangala Bhatt was born on 14 April 1963 in Kolhapur, Maharashtra. Shri Raghav Raj Bhatt received his initial training in Kathak under Gopal Rao; later he received his advanced training under Birju Maharaj and completed a Diploma from the Kathak Kendra, New Delhi. Shrimati Mangala Bhatt received her initial training under Bhalchandra Kulkarni. Later she learnt from Kundanlal Gangani and Durga Lal and also studied the art form at Kathak Kendra, New Delhi. Shri Raghav Raj Bhatt trained in folk and tribal arts and vocal music as well.

Shri Raghav Raj Bhatt and Shrimati Mangala Bhatt have performed in numerous reputed festivals both at the national and international forums including festivals organized by Sangeet Natak Akademi. They have travelled to various countries and attended festivals such as the Festival of India in the erstwhile USSR and the Cervantino Festival, Mexico.

They are recipients of many awards including the State award conferred by the Government of Andhra Pradesh (2006), the State award of Telangana (2017), and the Guru Deba Prasad Award (2018).

Shri Raghav Raj Bhatt and Shrimati Mangala Bhatt jointly receive the Sangeet Natak Akademi award for the year 2019 for their contribution to Kathak dance.